an>

Title: Need to expedite the construction of highway from Indore to Amdad in Madhya Pradesh.

श्री कांति लाल भूरिया (रतलाम) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने क्षेत्र के महत्वपूर्ण मुद्दे को उठा रहा हूँ। मैंने प्रश्न काल में भी इस बारे में प्रश्न उठाया था, लेकिन उत्तर नहीं मिला। मेरे क्षेत्र के आदिवासी क्षेत्र में इंदौर से अमदाद की चार लेन की सड़क है। पुल, पुलिया आदि सब बन गया है। मगर यह सड़क नहीं बन रही है। वहां रेल लाइन भी बंद पड़ी है। वहां पर लोगों का आना-जाना बहुत मुश्किल हो रही है। रतलाम से महत्वपूर्ण चार लेन रोड़ इंदौर-अमदाद के निर्माण कार्य में अत्यधिक विलंब हो रहा है। मैं इस ओर आपका ध्यान आकृÂष्ट करना चाहता हूँ। इस राजमार्ग के निर्माण में विलंब से इंदौर-अमदाद के जन-जीवन पर असर पड़ रहा है। यह मार्ग इंदौर होते हुए मेरे संसदीय क्षेत्र से झाबुआ जिले को जाता है। आवागमन सुचारू रूप से न होने के कारण यात्रियों एवं अन्य आवश्यक माल की ढुलाई में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और अभी तक पांच सौ से अधिक लोगों की मौत एक्सिडेंट्स में हो चुकी है। बीच में सड़क को जोड़ने का रास्ता है, जो एक-दो किलोमीटर पर है, वह आज भी बंद पड़ा है और लोगों को कच्चे रास्ते से हो कर निकलना पड़ रहा है। इस वजह से यदि इस निर्माण कार्य में गति लाई जाती है तो लोगों के आवागमन में सुविधा होगी। मैंने पूर्व में भी इस संबंध में सदन में बात उठाई थी, जिसके आश्वासन भी मिल रहे हैं, परंतु पता नहीं क्या कारण है कि आदिवासी क्षेत्रों में जो फोर लेन का रोड़ जा रहा है, उसका काम चालू नहीं हो रहा है। रेल मार्ग भी बंद पड़ा है। आखिर आदिवासी क्षेत्रों की उपेक्षा क्यों हो रही है? मैं आपके माध्यम से सदन और सरकार से आग्रह करता हूँ कि तत्काल उसको पूरा करने की कृपा करें।